>

Title: Need to start construction of National Highway No. 85 (Hajipur to Gopalganj via Chhapra-Siwan) and National Highway No. 101 (Chhapra to Muhammadpur via Baniapur) in Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : महोदय, देश के विभिन्न प्रान्तों में सड़कों की स्थिति काफी खराब है, खासकर बिहार प्रांत में राÂष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। बिहार में सड़क के नाम पर अवशेष मात्र है। राज्य के प्रमुख सड़कों को राÂष्ट्रीय राजमार्ग घोÂिषत कर 890 कि0मी0 की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-101 छपरा से मुहम्मदपुर वाया बनियापुर और राÂष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-85 हाजीपुर से गोपालगंज वाया छपरा सिवान प्रमुख है।

बिहार प्रांत में स्वीकृत 890 कि0मी0 राजमार्ग का निविदा नहीं निकलने के कारण निर्माण कार्य में विलंब हो रहा है, जिसमें राजमार्ग संख्या-85 हाजीपुर से गोपालगंज वाया छपरा-सिवान प्रमुख राजमार्ग है। यह राजमार्ग बिहार और उत्तर प्रदेश दो राज्यों को जोड़ता है। इस राजमार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण हेतु स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन अभी तक निविदा नहीं निकाली गई।

बिहार राज्य में आने वाले प्रतिवर्ष बाढ़ की विभीषिका के कारण राजमार्ग संख्या-101 की स्थिति भी काफी दयनीय हो चुकी है। राÂष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-101 के निर्माण कार्य एवं चौड़ीकरण के लिए प्राक्कलन बन चुका है, प्राक्कलन को स्वीकृत कर निविदा नहीं निकालने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो रहा है। प्राक्कलन स्वीकृत कर निर्माण कार्य प्रारंभ करना अति आवश्यक है, क्योंकि सड़क की स्थिति बहुत ही खराब है।

उपरोक्त राजमार्ग के निमार्ण कार्य की स्वीकृति मिलने और निर्माण कार्य शुरू होने के बाद उस सड़क से जुड़े सैंकड़ों गांवों की लाखों जनता को लाभ होगा, जनता को आशा और उम्मीदें बनी हुई हैं, परन्तु निर्माण कार्य में हो रहे विलंब और लगातार उपेक्षा से जनता की उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

आपके माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि स्वीकृत राÂष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-85 एवं 101 का निविदा निकालकर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाये।